E-Mail

**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संचिका सं0–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–16 / 2023....**8518/भू0/31/10/2023

**आदेश**

"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–2640 दिनांक– 03.04.2023 के विरूद्ध अपीलार्थी श्री चंदन कुमार, (Emp. ID No.- AEN02243), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, किशनगंज द्वारा प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

अपीलार्थी श्री चंदन कुमार के अपील की सुनवाई हेतु दिनांक–04.08.2023 को 04:00 बजे अपराह्न निर्धारित की गई, जिसकी सूचना उन्हें ई–मेल के द्वारा प्रेषित की गयी है। निर्धारित तिथि एवं समय पर वाद की सुनवाई की गयी।

उभयपक्ष उपस्थित।

अपील अभ्यावेदन पर निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की ओर से मंतव्य दाखिल किया गया। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

अपीलार्थी द्वारा दाखिल अपील अभ्यावेदन पर निदेशालय द्वारा दायर मंतव्य व अन्य अभिलेखों, साक्ष्यों के अवलोकनोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा नियोजन के समय समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग का अंक पत्र / प्रमाण–पत्र के सत्यापन हेतु निदेशालय पत्रांक–1519 दिनांक–15.02.2023 द्वारा Sarvepalli Radhakrishnan University, Bhopal (M.P) को भेजा गया।

उक्त प्रेषित पत्र के आलोक में कुलसचिव, Sarvepalli Radhakrishnan University, Bhopal (M.P) के पत्रांक–126 दिनांक–28.02.2023 द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के सत्यापनोपरान्त अपीलार्थी की डिग्री को Not Verified किया गया है।

उक्त सत्यापन प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–2027 दिनांक–06.03.2023 द्वारा अपीलार्थी से फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया है। श्री कुमार द्वारा अपना स्पष्टीकरण दाखिल किया गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि लिपिकीय भूल के कारण विश्वविद्यालय द्वारा इनके प्रमाण–पत्र को Not Verified किया गया है। विश्वविद्यालय जाकर अपनी बात रखने के लिए इनके द्वारा दिनांक–15.03.2023 तक की मांग की गयी है। अपीलार्थी द्वारा दिनांक– 15.03.2023 तक ऐसे कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया, जो इन पर लगे आरोपों को खंडित करता हो। फलस्वरूप निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा गलत / फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के कारण श्री कुमार की संविदा नियोजन समाप्त की गई है।

अपील अभ्यावेदन, निदेशालय द्वारा दाखिल मंतव्य एवं संलग्न साक्ष्यों के अवलोकन से स्पष्ट है कि नियोजन की पात्रता हेतु जिन प्रमाण पत्र सं0–150856 का प्रयोग आरोपित द्वारा किया गया है, वह Sarvepalli Radhakrishnan University द्वारा दिनांक–30.03.2019 को निर्गत हुआ है, जिसे Sarvepalli Radhakrishnan University द्वारा Not Verifird बताया गया है।

अपीलार्थी द्वारा अपने प्रमाण–पत्र को सही साबित करने के लिए बिना पत्रांक का Sarvepalli Radhakrishnan University का पत्र दाखिल किया है, जो अपीलार्थी एवं Sarvepalli Radhakrishnan University के बीच पत्राचार प्रतीत होता है।

यह स्पष्ट है कि आरोपित फर्जी प्रमाण पत्र पर नियोजन प्राप्त करने में सफल हुए है। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा निर्गत आदेश में कोई हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

फलतः श्री चंदन कुमार, (Emp. ID No.- AEN02243), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, किशनगंज द्वारा दायर अपील अभ्यावेदन अस्वीकृत किया जाता है।

ह0 / –
**अपर मुख्य सचिव–सह–**
**अपीलीय प्राधिकार**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**E-Mail**

**ज्ञापांकः**– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–16 / 2023....8518....**पटना, दिनांक :–**..13/10/2023..

**प्रतिलिपिः**– श्री चंदन कुमार, (Emp. ID No.- AEN02243), (संविदा समाप्त) पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, किशनगंज, Email- chy2386@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

13/10/2023

**(विनोद कुमार पंकज)**
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांकः**– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–16 / 2023....8518....**पटना, दिनांक :–**..13/10/2023..

**प्रतिलिपिः**– बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), किशनगंज को सूचनार्थ प्रेषित।

13/10/2023

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–16 / 2023....8518....**पटना, दिनांक :–**..13/10/2023..

**प्रतिलिपिः**– संबंधित स्थापना सहायक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/10/2023

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–16 / 2023....8518....**पटना, दिनांक :–**..13/10/2023..

**प्रतिलिपिः**– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13/10/2023

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–16 / 2023....8518....**पटना, दिनांक :–**..13/10/2023..

**प्रतिलिपिः**– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/10/2023

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप